# कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला-बेमेतरा छत्तीसगढ

क्रमांक / स्था. / 2023 /626 बेमेतरा, दिनांक 16 /05 / 2023

## --:भर्ती संबंधी सूचना:--

संचालनालय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) ब्लॉक-1, तृतीय तल इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमॉक 23-2 / 1 / स्था. / अराज / 2023 / 1675 नवा रायपुर, दिनाँक 12.05.2023 के अनुसार जिले में रिक्त चतुर्थ श्रेणी के कुल 20 पदों हेतु छ.ग. के मुल निवासियों से आवेदन पत्र दिनांक 09.06.2023 सायं 5.00 बजे तक कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला-बेमेतरा (छ.ग) में केवल डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है।

भर्ती संबंधित विज्ञापन, दिशा-निर्देश संबंधी विस्तृत विवरण की जानकारी जिले की वेबसाईट **https://bemetara.gov.in/** एवं कार्यालयीन सूचना पटल पर किया जा सकता है।

(डॉ.वीणा मिश्रा)
जिला आयुर्वेद अधिकारी
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

16/05/23
Dr. Pankaj kumar Dubey

16/05/23
Dr. Kush Kumar Sahu

16/5/23
Dr. praveen Kumar Harbans

P.C. Prasad
16/05/23
Dr. Prakash chandra Prasad

CamScanner

# कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला-बेमेतरा छत्तीसगढ

क्रमांक / स्था. / 2023 / 627 बेमेतरा, दिनांक 16 / 05 / 2023

## ——:विज्ञापन:——

संचालनालय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) ब्लॉक–1, तृतीय तल इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमॉक 23–2 / 1 / स्था. / अराज / 2023 / 1675 नवा रायपुर, दिनाँक 12.05.2023 के अनुसार जिले में रिक्त चतुर्थ श्रेणी के कुल 20 पदों हेतु छ.ग. के मूल निवासियों से आवेदन पत्र दिनांक 09.06.2023 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। रिक्तयों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं–

| क्र. | पद का नाम | कुल रिक्त पद | आरक्षित रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | | | | | | | | | | कुल योग | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | | | | अनुसुचित जाति | | | | अनुसुचित जनजाति | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | | |
| | | | मुक्त | महिला | भू.सै. | विकलांग | मुक्त | महिला | भू.सै. | विकलांग | मुक्त | महिला | भू.सै. | विकलांग | मुक्त | महिला | भू.सै. | विकलांग | | |
| 1 | भृत्य | 1 | 1 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 1 | 15600–49400 07 लेवल–01 |
| 2 | चौकीदार | 1 | 1 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 1 | |
| 3 | औषधालय सेवक | 18 | 6 | 4 | 2 | – | 2 | 1 | – | – | 1 | – | – | – | 1 | 1 | – | – | 18 | |

**शैक्षणिक योग्यता :–**

**भृत्य / चौकीदार / औषधालय सेवक हेतु :–**

1. शासन अथवा शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से कक्षा ऑठवी बोर्ड उत्तीर्ण।

**आयु सीमा :–**

1. उम्मीदवार की आयु दिनांक 01.01.2023 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। (छत्तीसगढ़ शासन के प्रचलित नियमानुसार अधिकतम आयुसीमा में छूट दी जावेगी।)
2. अनुसूचितजाति / अनुसूचितजनजाति / अन्यपिछड़ावर्ग / महिला / पुरूष / विधवा / परित्यक्ता, तलाकशुदा को अधिकतम आयु सीमा में शासन द्वारा नियमानुसार देय अतिरिक्त छूट का लाभ प्राप्त होगा, किंतु इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. उम्मीदवार को किसी भी एक अथवा एक से अधिक आधार पर छूट का लाभ दिये जाने के उपरान्त भी अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

16/05/23
Dr. Pankaj Kumar Dubey

16/05/2023
Dr. Kush Sahu

16/5/23
Dr. Praveen Kumar Hrabash

P.C. Prasad
16/05/23

**आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि :–**

वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूची का स्व प्रमाणित छायाप्रति सहित उम्मीद्वार का आवेदन दिनांक 10.06.2023 को सायं 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से **कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी, बेमेतरा (छ.ग.) कलेक्टर कार्यालय के पीछे, जिला पंचायत परिसर, बेमेतरा (छ.ग.) 491335** के पते पर अनिवार्य रूप से प्राप्त होना चाहिए, व्यक्तिगत रूप से सीधे कार्यालय में जमा आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा तथा डाक अथवा अन्य किसी कारणवश विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं जावेगा।

**चयन प्रक्रिया :–**

1. कक्षा आठवीं बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों के मेरिट के आधार पर उम्मीदवारों का चयन एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों व मार्गदर्शी सिद्धांतों तथा मापदण्डों के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जावेगा।

**आवेदन करने हेतु आवश्यक निर्देश :–**

1. आवेदन पत्र विज्ञापन में दर्शाये प्रारूप अनुसार A4 साईज में किया जावे। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से बिना काट–छांट के साफ अक्षरों में भरा जाना चाहिए, आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य है।
2. लिफाफे के ऊपर विज्ञापित पद के लिए आवेदन तथा विज्ञापन क्रमांक एवं दिनांक अवश्य लिखा जावे। आवेदन का नाम व पता स्पष्ट रूप से अनिवार्यतः लिखा जावे।
3. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किये गये छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. भर्ती प्रक्रिया में छ.ग. के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जायेगी। पात्र अभ्यार्थियों को मेरिट क्रमानुसार प्राथमिकता दिया जावेगा।
5. जन्म तिथि दर्शाने वाली शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी जावेगी, तथा ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिए जावेगें।
7. चतुर्थ श्रेणी की सेवा भर्ती नियम 2012 के तहत् शासित होगी।

9. उम्मीदवार का चयन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देशों एवं मार्गदर्शित सिद्धांतों तथा मापदण्डो के आधार पर जिला आयुर्वेद अधिकारी, बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जावेगा।
10. विज्ञप्ति जारी होने के पूर्व का रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
11. आवेदित पद की चयन सूची जारी होने पर यदि पाया जाता है कि आवेदक द्वारा चयन के किसी भी स्तर पर असत्य जानकारी दी गई है अथवा सारभूत जानकारी छिपाई गई है, तो दोषी पाये

16/05/23    16/05/23 Dr. Kush Sahu    16/5/23    P.C. Prasad 16/05/23

CamScanner

जाने पर आवेदक की सेवाएं समाप्त की जावेगी तथा आवेदक के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जायेगा।

12. विवाहित महिला उम्मीदवारों का नाम/उपनाम परिवर्तन संबंधित दस्तावेज/शपथ पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

13. शासकीय/अर्द्धशासकीय अथवा किसी निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

14. उम्मीदवारों के स्वयं का स्वसत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटो आवेदन में निर्धारित स्थान पर चिपकाया जावें। व संलग्न सभी दस्तावेजों में स्वयं के द्वारा स्वप्रमाणित हो।

15. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

16. कोई भी उम्मीदवार ,जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें एक का जन्म 01 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो ,नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

17. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में निर्णय लेने का सम्पूर्ण अधिकार कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी द्वारा गठित चयन समिति का होगा।

18. आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से **कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी, बेमेतरा (छ.ग.) कलेक्टर कार्यालय के पीछे, जिला पंचायत परिसर, बेमेतरा (छ.ग.) 491335** के पते पर भेजा जावे।

19. स्वयं कार्यालय में सीधा आवेदन करने वाले, नियुक्ति की सिफारिश करने वाले अथवा किसी भी प्रकार का दबाव डलवाने वाले आवेदक का पत्र अमान्य कर दिया जावेगा।

20. चयनित उम्मीद्वार को जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही सेवा में लिया जावेगा।

21. चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी। उक्त अवधि में प्रथम वर्ष इस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत वेतन के साथ अन्य भत्ते नियमानुसार देय होंगे। परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर शासकीय सेवक का वेतन उस सेवा या पद को लागू वेतनमान का न्यूनतम नियत किया जावेगा।

उक्त विज्ञापित पद के संबंध में समय–समय पर आमंत्रित किए जाने वाले दावा–आपत्ति की सूचना, मेरिट सूचियां तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रकाशित विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना इत्यादि की घोषणा संस्था के सुविधा अनुसार तिथियों पर की जावेगी। एवं जिले के वेबसाइट **https://bemetara.gov.in/** में समय–समय पर प्रकाशित किया जावेगा इसके अतिरिक्त किसी अन्य के माध्यम से काई सूचना नही दी जावेगी। कृपया महोदय से अनुरोध है कि विज्ञापन प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**जिला आयुर्वेद अधिकारी**
**जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

16/05/23

16/05/23
Dr. Kush Sahu

16/5/23

R.C. Prasad
16/05/23

CamScanner

# आवेदन पत्र का प्रारुप

(पृथक–पृथक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन किया जाना अनिवार्य होगा)

प्रति,

जिला आयुर्वेद अधिकारी,
जिला–बेमेतरा (छ.ग.)

नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ स्वप्रमाणित फोटो चिपकाएँ

1. आवेदित पद का नाम :..............................................................................

2 विज्ञप्ति कमांक व दिनांक :..............................................................................

3. आवेदक का नाम :..............................................................................

4. आवेदक के पिता/पति का नाम :..............................................................................

5. जाति :..............................................................................

6. जन्मतिथि अंको में :..............................................................................

शब्दों में :..............................................................................

7. 01.01.2023 को आपकी आयु : वर्ष......................माह......................दिन..............................

8. राष्ट्रीयता :..............................................................................

9. आवेदक की श्रेणी :..............................................................................

10. क्या आवेदक छ.ग. शासन द्वारा घोषित उच्चतम आयु सीमा छुट चाहता है यदि हां तो किस आधार पर (उक्त हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।) : ..............................................................................

11. स्थाई पता :..............................................................................

:..............................................................................

CamScanner

12. वर्तमान पता :.....................................................................

:.....................................................................

(पत्र व्यवहार हेतु) :.....................................................................

:.....................................................................

13. शैक्षणिक योग्यता

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | बोर्ड / वि.वि. का नाम | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. रोजगार कार्यालय का नाम :.....................................................................
पंजीयन क्र. व दिनांक :.....................................................................
15. क्या आप विवाहित है हॉ / नहीं :.....................................................................
16. यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि:.....................................................................
17. जीवित बच्चों की संख्या :.....................................................................

| क्रमांक | नाम | लिंग | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

18. मोबाइल नम्बर :.....................................................................

19. ई–मेल :.....................................................................

स्थान :–

दिनांक :–

आवेदक का हस्ताक्षर

CS CamScanner

## //घोषणा पत्र//

मैं निष्ठा पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिए गए सभी विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं पूर्णतः सही है। यदि कोई भी जानकारी असत्य या गलत पाई जाती है। तो मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकता है तथा चयन अथवा नियुक्ति भी निरस्त की जा सकती है।

आवेदक का हस्ताक्षर

CamScanner